# बूढ़ेसिंह और भूरीबानो



यह उस समय की बात है जब बूढ़ेसिंह सच में ही बूढ़े हो गए थे। अब बूढ़ेसिंह के बारे में तो तुम सबने सुना ही होगा। कुछ याद आया? ... अरे! वही शेर जो सुंदरवन के जंगल का राजा था। जिसकी एक दहाड़ से सारा जंगल कांपता था और जो पलक झपकते ही अपना शिकार पकड़ लिया करता था!

पर जैसे-जैसे दिन गुजरते गए, बूढ़ेसिंह के दांत गिर गए, बाल पक गए, आंखें कमजोर हो गईं। जोड़ों में दर्द उठने लगा और उनकी चाल बिगड़ गई। अब शिकार करना उनके बस में न रहा। बड़ी मुश्किल से शिकार पकड़ में आता और किसी-किसी दिन तो उन्हें भूखे ही सो जाना पड़ता। और यह तो तुम्हें मालूम ही है कि भूखे पेट सोना कितना मुश्किल है।

जब बात ज्यादा ही बिगड़ गई तो बूढ़ेसिंह ने एक तरकीब सोची- "क्यों न मैं दिन में किसी जानवर की गुफा में छिप जाऊं और जब वो रात को वापस आए तो उस पर झपट लूं।" यही सोच कर एक दिन बूढ़ेसिंह भूरीबानों लोमड़ी की गुफा में जा छुपे। भूरीबानों जंगल में अपनी सहेली से मिलने गई हुई थी। शाम को वह मस्ती में अपने घर लौट रही थी कि गुफा के आगे कुछ अजनबी से निशान देखकर एकदम चौंकी। उसका सर चकराया। उसने इधर-उधर देखा पर कोई नज़र न आया।

फिर भूरीबानों ने निशानों के पास जाकर देखा और उसके पसीने छूटने लगे- "अरे बाप रे। यह तो शेर के पंजों के निशान हैं।" उसने निशानों को और ध्यान से देखा और उसकी समझ में कुछ-कुछ आने लगा। उसने सोचा - "पांव के निशान गुफा में जा तो रहे हैं पर गुफा से बाहर नहीं आ रहे। यानी कि शेर अभी अंदर ही है। पर मैं उसका पक्का पता कैसे लगाऊं?"

भूरीबानो ने कुछ देर सोचा और एक तरकीब निकाल मन ही मन मुस्काई। वह गुफा के पास गई और बोली - " गुफा, गुफा, पहले जब हम घर आते थे तब तुम हमें बुलाती थीं। आज क्या बात है, तू मुझसे नाराज़ है क्या?

अंदर बैठे बूढ़ेसिंह यह सब सुन रहे थे। उन्होंने सोचा- "हो न हो यह गुफा रोज़ लोमड़ी को बुलाती होगी। आज मेरे डर के मारे चुप है। जब तक यह बोलेगी नहीं लोमड़ी अंदर आएगी नहीं। क्यों न मैं ही गुफा बनकर लोमड़ी को अंदर बुला लूं।"

यह सब सोचते ही शेर दहाड़ा। दहाड़ सुनकर लोमड़ी को विश्वास हो गया कि शेर गुफा में ही है। वह

पलटी और सर पर पांव रख भागी। बूढ़ेसिंह हाथ मलते रह गए **( खाली जगह में चित्र बनाओ )।**

*नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर कापी में लिखो।*

- बूढ़े सिंह किस जंगल का राजा था?
- भूरीबानों को कैसे पता चला कि गुफा में कोई है?
- इस कहानी में बूढ़ेसिंह शेर का नाम है और भूरीबानों लोमड़ी का। अब शेर और लोमड़ी के लिए पांच-पांच नए नाम सोचो। ऐसे नाम जो उनके लिए उपयुक्त लगे।
- बूढ़े सिंह बूढ़े हो गए थे, यह कैसे पता चलता है?
- शेर, लोमड़ी, जंगल, गुफा के बारे में पांच-पांच वाक्य लिखो।
- नीचे लिखे शब्दों के लिए इनके उल्टे अर्थ वाले शब्द नीचे से छांटकर लिखो।

दोस्ती, अंदर, पक्का, रात, नाराज, रोना, दुश्मनी, कच्चा,
हंसना, खुश, दिन, बाहर, अकेली, खाली

*सही/गलत पता करके निशान लगाओ। गलत वाक्यों को सही करके लिखो।*

- लोमड़ी का नाम भूरासिंह था।
- शेर ने लोमड़ी को खा लिया।
- बूढ़ेसिंह सचमुच बूढ़ा हो गया था।
- बूढ़ेसिंह की तरकीब काम में आ गई।
- गुफा रोज़ लोमड़ी को अंदर बुलाती थी।

लोमड़ी की गुफा कैसी दिखती होगी? चित्र बनाकर दोस्तों को दिखाओ। सुन्दरवन में एक तालाब है। आसपास घने-घने पेड़ हैं। पेड़ों पर बेलों के जाल लटके हैं। इस तालाब पर बूढ़ेसिंह पानी पीने आए हैं। उनका भी चित्र बनाओ।

*जोड़ी मिलाओ :*

| | |
|---|---|
| ( 1 ) पलक झपकना | ( 1 ) पछताना |
| ( 2 ) सिर चकराना | ( 2 ) थोड़े से समय में |
| ( 3 ) हाथ मलना | ( 3 ) घबराना |

ऐसे और भी जोड़े बनाओ - जैसे क्षण भर में, सिर पटक कर रह गया आदि। इसके अर्थ भी पता करो।

- यह कहानी तुम्हे कैसी लगी? इस कहानी का अच्छा सा शीर्षक दो।
- बस, साइकिल, बैलगाड़ी आदि के चक्कों( टायर ) के निशान को देखो और अपनी कापी में बनाने की कोशिश करो।

- क्या तुमने जानवरों के पैरों के निशान देखे हैं? क्या तुम पैरों के निशान देखकर अलग-अलग जानवरों को पहचान सकते हो। अपने पैरों के निशान मिट्टी, गीली मिट्टी में बनाओ। ठीक ऐसे ही अपनी हथेली, अंगूठे, उंगलियों के निशान भी बनाओ और देखो कि क्या तुम एक दूसरे की हथेली पहचान सकते हो?

दिनांक

# मज़ेदार वर्ग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 3 | 4 |
| 3 | 4 | 2 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 4 | 3 |

ऊपर बने बड़े वर्ग के अंकों को जोड़ो। पहली लाईन का जोड़ कितना आया ? क्या सभी लाईनों, सभी खंभों का जोड़ बराबर है?

सामने दिए वर्ग में 9 घर हैं। हर घर में एक अंक लिखा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 3 |

पहली लाईन में क्रम से 1,3,2 अंक हैं।
जोड़ है 1 + 3 + 2 = 6
दूसरी लाईन में क्रम से __ __ , 2, __ __ अंक है।
इसी तरह खड़े खंभों में देखें।
पहले खंभे में क्रम से 1, 3, 2 अंक हैं।
दूसरे खंभे में क्रम से __ __, 2, __ __ अंक हैं।
सभी लाईनों और सभी खंभो का जोड़ करो। क्या देखा?
अब तिरछी लाईन में आए अंकों का जोड़ करो।


- तुम भी ऐसे वर्ग बना सकते हो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

तुम्हारा वर्ग
(अंक 2,3,4,5 भर कर सभी लाईन व खंभों का जोड़ 14)

दाएं बने वर्ग की लाइनों के अंकों को जोड़ो। उसके खंभों के अंकों को जोड़ो। क्या सभी जोड़ बराबर हैं? इस वर्ग में 1 से 9 तक अंक हैं। कोई अंक दोबारा नहीं आया है। क्या तुम २ से 10 तक के अंकों को ऐसा ही वर्ग बना सकते हो? उसमें लाईन और खम्भों का जोड़ क्या आता है?

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 3 |
| 2 | 9 | 4 |



बाएं के घरों में 1 से 5 तक अंक भरो। हर घर में एक ।
शर्त एक है, दोनों तरफ जोड़ एक बराबर आना चाहिए।
**जोड़ कितना आया ?**

# चूहे की नींद



1. एक बार चूहे को लगी नींद। लेकिन उसके पास बिस्तर नहीं था।





2. तो चूहा गया किसान के पास।
'ए किसान, ए किसान, मुझे थोड़ा सा भूसा दे दे। मैं अपना बिस्तर बनाकर सोऊँगा।'
किसान ने कहा, 'तू तो  साल भर कोठी से मेरा गेहूँ चुराता है। तुझे भूसा क्यों दूँ?'

3. तो चूहा गया दीमक के पास - 'ए दीमक, ए दीमक, किसान मुझे बिस्तर के लिए भूसा नहीं





देता। तू उसका हल खा जा।'

4. दीमक ने कहा 'मैं तो अपना घर बना रही हूं। अभी कैसे जाऊँ?'


5. फिर चूहा बंदर के पास गया - 'बंदर भैया, बंदर भैया, किसान मुझे बिस्तर के लिए भूसा नहीं देता, दीमक उसका हल नहीं खाती, तू दीमक का घर तोड़ दे न?'.





6. बंदर बोला - 'मैं क्यों जाऊं उसका घर तोड़ने? मैं तो अभी फल खाने जा रहा हूँ।'


7. तो चूहा गया इल्ली के पास-'ए इल्ली, ए इल्ली, किसान मुझे बिस्तर के लिए भूसा नहीं देता, दीमक उसका हल नहीं खाती, बंदर दीमक का घर नहीं तोड़ता। तू बंदर के फल में घुस कर उसे खा ले।'



इल्ली ने कहा-'मैं तो अपने दोस्तों के साथ सैर के लिए जा रही हूं, अभी तो मैं नहीं खाऊँगी बंदर के फल।'

दिनांक


8. अब चूहा पहुंचा चिड़िया के पास-'ओ चिड़िया, किसान मुझे बिस्तर के लिए भूसा नहीं देता, दीमक उसका हल नहीं-खाती, बंदर दीमक का घर नहीं तोड़ता, इल्ली बंदर के फल नहीं खाती। तो तू इल्ली को खा जा न?'



चिड़िया बोली 'मैं इल्ली को कभी और खाऊंगी, अभी तो मैं अपने अंडे से रही हूं।'


'चूहे को आया गुस्सा-'फिर मैं तेरे घोंसले को तोड़ दूंगा।'

9. चिड़िया बोली 'अरे-अरे, पीछे देख, बिल्ली आई।'
चूहा पीछे मुड़ा तो चिड़िया ने उसे ज़ोर से धक्का मारा



10. बेचारा चूहा, पेड़ से जा गिरा भूसे के एक ढेर पर। वैसे ही उसे नींद खूब जोरों से आ रही थी। उसने सोचा-मैं तो भूसे पर लेटा हूं, यहीं सो जाता हूं।'





11. उसने आंखें बंद की और वहीं सो गया।

दिनांक

1.नीचे दिए शब्दों को खाली स्थानों में भरो ।

**दीमक बिस्तर बंदर किसान चिड़िया सो धक्का**

चूहे को सोने के लिये ------- की जरूरत थी। इसलिये वो गया - - के पास। फिर वो गया ------- -------- और इल्ली के पास। वहां से चूहा गया ------ से मिलने। वहां झगड़ा हुआ तो चिड़िया ने उसे ------- मारा। वो एक भूसे के ढेर पर जा गिरा और ------ गया।

2. चूहा कहां रहता है? दीमक कहां रहती है? और चिड़िया और बंदर कहां रहते हैं? इल्ली का घर कहां होता है? ----------------------------------------

----------------------------------------

3. क) इल्ली को चूहे ने क्या काम बताया? ----------------------
----------------------------------------

ख) चिड़िया ने चूहे के काम को करने से क्यों मना कर दिया? --------------
----------------------------------------

ग) अगर चिड़िया चूहे को धक्का नहीं देती तो कहानी कैसे आगे बढ़ती? ---------
----------------------------------------

4. चिड़िया खाती है दीमक और इल्ली। इन में से कौन-कौन सी चीज़ें बंदर खाता है,

**कागज़, मटर, बेर, इल्ली, सेब, रोटी, घास, मूंगफली, केला**

इसमें और नाम जोड़ कर अपनी कापी में सूची बनाओ।

5. रामू किसान ने सोचा है कि वह इस साल चूहे को अपना अनाज नहीं चुराने देगा। लेकिन ये किया कैसे जाये? उसने अपने से मदद मांगी है। थोड़ा सोच के बताओ, उसे क्या करना चाहिये।
----------------------------------------

----------------------------------------

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. मैं नहीं जाता। | मैं क्यों जाऊं? | मैं नहीं आती। | मैं क्यों आऊं? |
| मैं नहीं खाता। | मैं क्यो -----? | मैं नहीं खेलता। | -----? |
| मैं नहीं बोलती। | --------? | मैं नहीं बनाता। | -----? |

दिनांक

# जाली और अन्य खेल

जाली नं. 1

1 नंबर की जाली के खाली घरों में 0 से 16 तक की सम संख्याएं भरो। हर घर में एक ही संख्या लिखना है और एक संख्या एक ही बार लिख सकते हैं। लिखने के बाद आड़ी, खड़ी, तिरछी सभी लाइनों का जोड़ 24 हो।

जाली नं. 1

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

(सम संख्या यानी जिन संख्याओं में दो का भाग जाता है)

जाली नं. 2

जाली नम्बर 2 में 1 से 17 तक की विषम संख्या भरो आड़ी, खड़ी व तिरछी लाईन का जोड़ 27 आना चाहिए।

जाली नं. 2

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

(विषम संख्या यानी जिन संख्याओं में दो का भाग नहीं जाता है)


1. राम और श्याम मिलकर 60 मेंढक पकड़ते हैं। यदि राम ने श्याम से 4 गुणा मेंढक पकड़े तो बताओ दोनों ने कितने-कितने मेंढक पकड़े?

2. यदि 2 क्रम में आने वाली संख्याओं का गुणनफल 90 है, तो छोटी संख्या क्या होगी?

3. यदि क्रम में आने वाली 2 संख्याओं का योग 55 है तो बड़ी संख्या क्या है?

4. विमल दूसरे कई बच्चों के साथ एक कतार में बैठा था। उसके आगे 15 बच्चे थे और पीछे 14 बच्चे। पूरी कतार में कितने बच्चे थे?

5. 10 पैकेट गोली 20 रुपए की मिलती है तो एक पैकेट गोली कितने की मिलती है?


५
४
३
२
१